5.2 परीक्षा एवं मूल्यांकन व्यवस्था–

(1) इस विश्वविद्यालय के किसी भी कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले किसी भी छात्र को अलग से परीक्षा फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है। शिक्षार्थियों के कार्यक्रम शुल्क में ही परीक्षा शुल्क सम्मिलित होता है। कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित अवधि में परीक्षा छूट जाने पर परीक्षार्थियों को प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए ऑन लाइन बैक फार्म भरना होगा और उसे प्रति प्रश्न पत्र 400/– जमा करना होगा।

1	बैक फीस	400 रूपया	प्रति प्रश्न पत्र
2	पुनर्गणना (संवीक्षा)शुल्क	200 रूपया	प्रति प्रश्न पत्र
3	कार्यक्रम शुल्क	प्रवेश एवं परीक्षा शुल्क	वर्तमान प्रवेश सत्र के लिए ही लागू सत्र में कार्यक्रम पूर्ण न करने पर पुनः परीक्षा देने हेतु 400/– प्रति प्रश्न पत्र की दर से शुल्क बैंक चालान के माध्यम से देय होगा।
4	अंक सुधार	–	कोई प्रावधान नहीं है।
5	अनुत्तीर्ण छात्र	400 रू0 प्रति प्रश्न पत्र	बैक शिक्षार्थी माना जाएगा।
6	अंकतालिका की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु	300 रू0 प्रति अंक–तालिका	प्रति अंक–पत्र, /10 रू0 के स्टाम्प पर शपथपत्र /एफ.आई. आर. प्रति
7	उपाधि की द्वितीय प्रति	500 रू0	प्रति उपाधि, 10 रू0 के स्टाम्प पर उपाधि अप्राप्त का एक शपथ पत्र/उपाधि के खो जाने की स्थिति में एफ. आई. आर. प्रति
8	कार्यक्रमानुसार प्रथम व द्वितीय वर्ष की अंकतालिका प्राप्त करने का शुल्क	रू.200.00 प्रति अंक–पत्र	प्रति अंक–पत्र
9	सेमेस्टर परीक्षा एवं वार्षिक परीक्षा पूर्ण रूपेण छोड़ देने की स्थिति में	400 रू0 प्रति प्रश्न पत्र	बैक शिक्षार्थी माना जाएगा।
10	बैक शिक्षार्थी	400 रू0 प्रति प्रश्न पत्र	बैक फार्म भरना अनिवार्य।
11	परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन	800/– रूपया	परीक्षा प्रारम्भ होने के एक माह पूर्व परीक्षा कार्यालय को प्राप्त कराना अनिवार्य होगा।
12	सेमेस्टर प्रणाली की प्रस्तावित परीक्षा तिथि	——	जुलाई सत्र – 05 दिसम्बर एवं 05 मई जनवरी सत्र – 05 मई एवं 05 दिसम्बर
13	वार्षिक प्रणाली की प्रस्तावित परीक्षा तिथि	——	जुलाई सत्र – 05 मई जनवरी सत्र – 05 दिसम्बर
14	अधिन्यास कार्य	——	स्नातक, स्नातकोत्तर, एकल विषय में द्वि–वर्षीय प्रमाण–पत्र कार्यक्रम एवं नॉन–क्रेडिट जागरूकता कार्यक्रमों में अनिवार्य, अन्य कार्यक्रमों में आवश्यक नहीं है।
15	अधिन्यास मूल्यांकन		30 अंकों में
16	सत्रांत मूल्यांकन		70 अंकों में
17	परियोजना कार्य का मूल्यांकन	आन्तरिक मूल्यांकन	30 अंकों में
		सत्रांत मूल्यांकन	70 अंकों में एम.सी.ए. कार्यक्रम को छोड़कर सभी में लागू।
18.	प्रयोगात्मक कार्य	कार्यक्रम की प्रकृति के अनुसार	कार्यक्रम के लिए अनुमन्य क्रेडिट के अनुसार निर्धारित।
18.	शिक्षार्थी को निम्नानुसार ग्रेड आबंटित किये जायेंगेः–		

Letter Grade	Grade Point	% Range
O (Outstanding)	10	90+
A+ (Excellent)	9	80+
A (Very Good)	8	70+
B+ (Good)	7	60+
B (Above Average)	6	50+
C (Average)	5	40+
P (Pass)	4	36+
NC (Not Complited)	0	<36
Ab (Absent)	0	

2. शिक्षार्थी द्वारा जमा शुल्क उस सत्र में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए अनुमन्य होगा, जिसका उल्लेख शिक्षार्थी द्वारा ऑन लाइन प्रवेश फार्म में करना अनिवार्य है यदि शिक्षार्थी ने प्रवेश फार्म भरा है और परीक्षा हेतु अर्ह है किन्तु किसी निजी कारण से पूर्ण परीक्षा अथवा आंशिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है, तो उसे पुनः पूरी अथवा अवशेष परीक्षा देने के लिए बैक परीक्षा फार्म भरना होगा और बैक पेपर परीक्षा शुल्क पुनः जमा करना होगा। सत्रीय कार्य (अधिन्यास कार्य) भी नियमानुसार पूरा करना होगा।

3. घोषित परीक्षाफल एवं निर्गत अंकतालिका में भिन्नता होने की दशा में उपलब्ध परीक्षा अभिलेख के आधार पर विनिश्चिय ही मान्य होगा।

4. परीक्षा में वही छात्र सम्मिलित होने के लिए अर्ह होंगे जिन्होंने परीक्षा में सम्मिलित होने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली हैं।

5. सत्रांत परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाओं में प्रदत्त अंको की पुनर्गणना (संवीक्षा) की जा सकती हैं इसके लिए 200/–रु. प्रति प्रश्न पत्र की दर से संवीक्षा शुल्क के साथ परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से एक माह के अन्दर संवीक्षा हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा सकता हैं। पुनर्गणना (संवीक्षा) शुल्क जो **वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज** के पक्ष में देय हो, स्वीकार किया जाएगा।

6. यदि कोई शिक्षार्थी अपने द्वारा चयनित कार्यक्रम के किसी भी प्रश्न पत्र की परीक्षा मे असफल हो जाता है या किन्हीं कारणों से परीक्षा छोड़ देता है तो उसे वह परीक्षा बैक पेपर के रूप में हर छह माह में देनी होती है, परन्तु परीक्षा समय–सारणी में वर्तमान सेमेस्टर एवं गत सेमेस्टर के किसी प्रश्न पत्र की तिथि एवं समय एक साथ पड़ जाने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की नहीं होगी।

Registrar
U.P. Rajarshi Tandon Open University
Prayagraj